


सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 216 | इंदौर, गुरुवार 19 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## GYANII मॉडल पर 4.38 लाख करोड़ का बजट

# कृषि में 1.15 लाख करोड़, इंफ्रास्ट्रक्चर पर 1 लाख करोड़ से ज्यादा का ऐतिहासिक दांव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि Narendra Modi के ज्ञान आधारित विकास के संकल्प के साथ मध्यप्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है। वर्ष 2026-27 के लिए 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रुपए का बजट 'GYANII' (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी शक्ति, इंडस्ट्री और इंफ्रास्ट्रक्चर) मॉडल पर तैयार किया गया है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में गरीब कल्याण, युवाओं के कौशल विकास और रोजगार, किसानों की आय वृद्धि, नारी सशक्तिकरण, आधारभूत ढांचे के विस्तार और औद्योगिक निवेश को विशेष प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश की जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में राज्य का सकल घरेलू उत्पाद 18 लाख 48 हजार 274 करोड़ रुपए अनुमानित है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.69 प्रतिशत अधिक है। प्रति व्यक्ति आय में वर्ष 2025-26 में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पूंजीगत व्यय जीएसडीपी का 4.80 प्रतिशत अनुमानित है। कृषि वर्ष के अंतर्गत किसान कल्याण के लिए 1 लाख 15 हजार 13 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें कृषि उत्पादन वृद्धि, आदान व्यवस्था, उपज के बेहतर मूल्य और सुरक्षा चक्र जैसी योजनाएं शामिल हैं। प्रदेश के इतिहास में पहली बार अधोसंरचना विकास के लिए 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मजरा-टोला सड़क योजना, क्षतिग्रस्त पुलों के पुनर्निर्माण और शहरी अधोसंरचना के लिए 'द्वारका योजना' के तहत बड़े निवेश किए जाएंगे।



सिंहस्थ महापर्व से जुड़े 13 हजार 851 करोड़ रुपए के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर मालिकाना अधिकार देने और पंजीयन शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन करने की योजना को देश में पहला नवाचार बताया गया है, जिसके लिए 3 हजार 800 करोड़ रुपए का प्रावधान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट 'समृद्ध मध्यप्रदेश @2047' के लक्ष्य की दिशा में प्रभावी कदम है और आने वाले वर्षों के सतत विकास का रोडमैप प्रस्तुत करता है।

भारत मंडपम में गूंजा पीएम मोदी का मंत्र-

## 'टेक्नोलॉजी बनाना और अपनाना दोनों भारत के DNA में'



**नई दिल्ली, (एजेंसी) राजधानी दिल्ली का भारत मंडपम आज एक ऐसे भविष्य का गवाह बन रहा है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) की दिशा और दशा तय की जा रही है। 'India AI Impact Summit 2026' के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि एक प्रमुख निर्माता बनकर उभरा है। इस शिखर सम्मेलन ने साबित कर दिया है कि वैश्विक मंच पर AI को लेकर होने वाली चर्चाएं अब भारत के बिना अधूरी हैं। इसी के साथ पीएम मोदी ने कहा, टेक्नोलॉजी बनाना और अपनाना दोनों भारत के DNA में है।**

प्रधानमंत्री Narendra Modi ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित AI Impact Summit में तेजी से उभरती कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के लिए मानव-केंद्रित और समावेशी दृष्टिकोण का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई का उद्देश्य 'AI-केंद्रित' न होकर 'मानव-केंद्रित' होना चाहिए। उन्होंने इस दिशा में AI शासन के लिए 'MANAV' फ्रेमवर्क पेश किया।

**प्रधानमंत्री ने एआई को मानव कल्याण और समावेशी मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए MANAV के पांच स्तंभ बताए:-**

M – Moral (नैतिक): AI प्रणालियों का मार्गदर्शन नैतिक जिम्मेदारी और मूल्यांकन से होना चाहिए।

A – Accountable (जवाबदेह): शासन व्यवस्था पारदर्शिता, नियमों और निगरानी के साथ जवाबदेही सुनिश्चित करे।

N – National Sovereignty (राष्ट्रीय संप्रभुता): किसी देश में उत्पन्न डेटा उसी देश का होना चाहिए और उसके नियंत्रण में रहना चाहिए।

A – Accessible & Inclusive (सुलभ और समावेशी): AI प्रणाली समाज के सभी वर्गों के लिए सुलभ हो और समावेशिता को बढ़ावा दे।

V – Valid (वैध और विश्वसनीय): AI कानूनन वैध, भरोसेमंद और प्रमाण्य हो।

## राजस्थान में ओले गिरे, मध्यप्रदेश में बारिश हरियाणा में बारिश से 7 डिग्री तापमान गिरा; उत्तराखंड में बर्फबारी

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ। देश के कई राज्यों में मौसम का मिजाज बदल गया है। मध्य प्रदेश के भोपाल, ग्वालियर में गुरुवार सुबह बारिश हुई। मौसम विभाग ने 8 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले बुधवार को रतलाम, श्योपुर, मुरैना, शिवपुरी, मंदसौर समेत 20 जिलों में ओले गिरे थे।**



राजस्थान के 11 जिलों में तेज आंधी-बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी है। एक दिन पहले 11 से ज्यादा जिलों में दिनभर रुक-रुककर बारिश हुई। राजधानी जयपुर के SMS अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में पानी भर गया। इससे कई ऑपरेशन टल गए। 4 जिलों में ओले भी गिरे। हरियाणा के हिसार समेत कई इलाकों में 40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और ओले गिरने की चेतावनी दी गई है। राज्य के भिवानी और रेवाड़ी में बुधवार दोपहर को हल्की बूंदाबांदी के साथ ओले गिरे। वहीं उत्तराखंड के देहरादून सहित पांच पहाड़ी जिलों में बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है।

## 'भारत में बदलाव की रफ्तार अद्भुत': AI समिट में बोले सुंदर पिचाई, चेन्नई में 15 अरब डॉलर के AI हब का एलान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत की तेजी से बदलती तस्वीर पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भारत लौटना हमेशा खास होता है, क्योंकि हर दौरे में उन्हें देश में हो रहे बदलाव की रफ्तार और भी तेज नजर आती है। पिचाई ने कहा कि देशभर में टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर परिवर्तन हो रहा है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दे रहा है।

**AI हब के लिए 15 अरब डॉलर का एलान-** अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए उन्होंने बताया कि जब वे आईआईटी खड़गपुर में पढ़ाई के दौरान विशाखापत्तनम से होकर गुजरते थे, तब वह एक साधारण तटीय शहर था। आज वही शहर वैश्विक AI हब के रूप में उभर रहा है।



पिचाई ने घोषणा करते हुए कहा कि गूगल वहां 15 अरब डॉलर के निवेश के तहत एक फुल-स्टैक AI हब स्थापित कर रहा है। इसमें बड़े पैमाने पर कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर और एक नया सबसी केबल गेटवे शामिल होगा। इस पहल से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश में AI क्षमताओं का विस्तार होगा।

**'डिजिटल डिवाइड को AI डिवाइड नहीं बनने देंगे'-** समिट को संबोधित करते हुए पिचाई ने कहा कि डिजिटल खाई को AI खाई में बदलने नहीं दिया जा सकता। इसके लिए कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में निवेश जरूरी है।

उन्होंने बताया कि गूगल अमेरिका और भारत के बीच चार नए सबसी फाइबर ऑप्टिक सिस्टम विकसित कर रहा है। यह पहल हाल ही में घोषित 'अमेरिका-इंडिया कनेक्ट' कार्यक्रम का हिस्सा है।

**रोजगार पर AI का प्रभाव-** पिचाई ने स्वीकार किया कि AI कार्यक्षेत्र में बड़े बदलाव लाएगा। कुछ नौकरियां ऑटोमेट होंगी, कुछ भूमिकाएं बदलेंगी और कई नई करियर संभावनाएं जन्म लेंगी। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 20 साल पहले प्रोफेशनल YouTube क्रिएटर जैसी कोई अवधारणा नहीं थी, जबकि आज दुनिया भर में लाखों लोग इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

**तीन सूत्रों पर आधारित समिट-** भारत 16 से 20 फरवरी तक इस समिट की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन 'लोग, धरती और तरक्की'- इन तीन प्रमुख सूत्रों पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया।

इस समिट में कई देशों और वैश्विक संस्थानों की भागीदारी रही, जो भारत की बहुपक्षीय सहयोग की नीति और AI के जरिए वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# श्रीमद्भागवत कथा का सर्वकल्याण की कामना के साथ भव्य समापन

## हवन-यज्ञ, विशाल भंडारा एवं सेवा कार्य संपन्न





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दिव्य शक्तिपीठ परिसर, रेडिसन चौराहे के समीप आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सर्वकल्याण की कामना के साथ भव्य समापन हुआ। कथा के समापन अवसर पर विधिवत हवन-यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।**

कथा व्यास परम पूज्य संत प्रवर श्री मदनमोहन दास जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि आत्मा को जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्त करने हेतु भक्ति मार्ग से जुड़कर सत्कर्म करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल की शुद्धि होती है, जिससे व्यक्ति को आत्मिक शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। इस अवसर पर डॉ. निशांत खरे ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली आध्यात्मिक चेतना है। भागवत कथा मनुष्य को सत्य, धर्म, सेवा, सदाचार और मानवता के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देती है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार एवं पारिवारिक एकता को सुदृढ़ करते हैं। कथा में महामंडलेश्वर श्री रामगोपाल दास महाराज जी, उज्जैन के पूज्य श्री चरण दास जी महाराज एवं रामानंद आश्रम के पूज्य मुनिदास जी महाराज ने भी उपस्थित रहकर भक्तजनों को आशीर्वाद प्रदान किया।

समापन अवसर पर संरक्षक डॉ. निशांत खरे एवं यजमान श्री सूरज रघुवंशी ने व्यासपीठ पर आरती की। इसके पश्चात विशाल भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन के सातों दिनों में इंदौर के अनेक जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने उपस्थित होकर कथा का श्रवण किया। प्रमुख रूप से मध्यप्रदेश शासन के मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, इंदौर ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष श्री श्रवण चावड़ा, विधायक श्री गोलू शुक्ला, श्री संजय शुक्ला, श्री अभिषेक बबलू शर्मा, श्री सौगत मिश्रा, श्रीमती दिव्या गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सेवा कार्यों के अंतर्गत सेवा भारती को प्रकल्प हेतु सेवा राशि दान स्वरूप प्रदान की गई तथा जरूरतमंदों के लिए व्हीलचेयर भी भेंट की गई। संपूर्ण आयोजन भक्ति, सेवा और समाजहित की भावना से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

## सुरलय म्यूजिकल ग्रुप के इवेंट में बही विनेश और मयंक के सुरों की लहर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सुरलय म्यूजिक ग्रुप के द्वारा जाल सभागृह में शानदार गीत संगीत का आयोजन किया गया। ग्रुप के संयोजक एवं आयोजक दीपक जैन एवं सचिन जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम इंदौर के बेहतरीन गायक और गायिकाओं के साथ मिलकर आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख स्वर विनेश खरे, मयंक थनवार, दिव्यांश परमार, शक्ति भट्ट,मनोज सनोठिया, विसा मेहता, के द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विनेश खरे ने, हुस्न की वादियों में, प्यार करने वाले डरते नहीं, जिंदा रहने के लिए तेरी कसम, गीत गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं मयंक थनवार ने तुमने मुझे देखा,होकर मेहरबान, रोमांटिक गीत गाकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

# इंदौर में 16 निजी अस्पताल बिना भवन अनुमति के संचालित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों को लेकर दायर जनहित याचिका पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट, इंदौर खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। नगर निगम इंदौर ने कोर्ट में जवाब पेश कर स्वीकार किया कि शहर में 16 निजी अस्पताल बिना वैध भवन अनुमति के संचालित हो रहे हैं।**



जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी हाईकोर्ट के निर्देशों के बावजूद अपना जवाब प्रस्तुत नहीं कर सके, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि कई अस्पताल ऐसे भवनों में संचालित हो रहे हैं, जिन्हें आवासीय अथवा कोचिंग संस्थान की अनुमति दी गई थी। इन भवनों में अस्पताल संचालन के लिए आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियां नहीं ली गईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने शहर के 31 निजी अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई में सभी संबंधित पक्षों को उपस्थित रहने के आदेश भी दिए गए हैं। याचिकाकर्ता चर्चित शास्त्री की और से अधिवक्ता विभोर खंडेलवाल जयेश गुरनानी व आदित रघुवंशी द्वारा न्यायालय को बताया गया कि कूट रचित दस्तावेजों पर उक्त हॉस्पिटल संचालित किए जा रहे है। नगर निगम व फायर सेफ्टी शाखा के कूट रचित दस्तावेजों पर हॉस्पिटल संचालित किए जा रहे है , न्यायालय ने सभी तर्कों को सुनकर 4 हफ्ते में सभी हॉस्पिटल संचालकों को जवाब पेश करने के आदेश दिए है।

## थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए दवाइयों का वितरण पुन: शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर श्री खजराना गणेश मंदिर स्थित मेडिसिन सेंटर पर थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए दवाइयों का वितरण पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों एवं उनके परिजनों ने कलेक्टर शिवम वर्मा को अपनी समस्या से अवगत कराया था। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने



तत्काल संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के पालन में आज से खजराना गणेश मेडिसिन सेंटर पर आवश्यक दवाइयों का वितरण प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को राहत मिलेगी। बताया गया कि दवाईयों का पर्याप्त भंडारण है। प्रशासन द्वारा यह व्यवस्था नियमित रूप से जारी रखने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

## रिजर्वेशन डिब्बों में घुसे सामान्य यात्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) इंदौर। इंदौर-मुंबई के बीच चलने वाली अवंतिका एक्सप्रेस में रिजर्वेशन कोचों में अनधिकृत यात्रियों के प्रवेश को लेकर यात्रियों में नाराजगी सामने आई है। यात्रियों ने बताया कि कोच एस- 2 सहित अन्य स्लीपर डिब्बों में भीड़ इतनी अधिक थी कि आरक्षित सीटों तक पहुंचना मुश्किल हो गया। एक यात्री ने शिकायत में लिखा कि उसकी मां, पत्नी और तीन वर्षीय बच्ची अवंतिका एक्सप्रेस से यात्रा कर रही थीं, लेकिन कोच में अनारक्षित यात्रियों की भीड़ के कारण सुरक्षा को लेकर चिंता की स्थिति बन गई। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि ट्रेन में भीड़ नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरपीएफ या रेलवे स्टाफ नजर नहीं आया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। यात्रियों ने इसे सुरक्षा की गंभीर चूक बताया।

# एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर में ब्रेन स्टेम डेड मरीज का अंगदान, कई मरीजों को मिलेगा जीवनदान

## सम्भागायुक्त ने शीघ्रता से आवश्यक व्यवस्थाएं जुटाने के लिए किए आदेश

● परिजनों की सहमति से हार्ट, लिवर, किडनी सहित कई अंगों के दान की प्रक्रिया शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में अंगदान के क्षेत्र में सतत एवं संगठित प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। राज्य शासन की मंशा एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वित मार्गदर्शन में चिकित्सा संस्थानों द्वारा अंगदान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज पुनः एक और अंगदान की प्रक्रिया संपन्न की जा रही है, जो न केवल मानवता की उत्कृष्ट मिसाल है बल्कि गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए जीवनदान का माध्यम भी बनेगी। सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने अंगदान की प्रक्रिया के लिये जल्द से जल्द सभी समुचित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधितों को आदेश दिए हैं।

एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि गौशिंदे कॉलोनी, खंडवा रोड, खरगोन निवासी विजय जायसवाल (आयु 49 वर्ष) को 15 फरवरी 2026 को गंभीर सिर की चोट, बाइलेटरल SAH, बाइलेटरल SDH तथा डिफ्यूज सेरेब्रल एडिमा की स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

चिकित्सकों की चार सदस्यीय टीम द्वारा THOA नियम, 2014 के तहत 17 फरवरी 2026 को दोपहर 02:23 बजे उनकी पहली ब्रेन स्टेम डेथ घोषित की गई। इसके बाद 18 फरवरी 2026 को सुबह 11:01 बजे उसी टीम द्वारा एपनिया टेस्ट सहित दूसरी कन्फर्मेटरी मेडिकल जांच की गई, जिसमें यह पुष्टि हुई कि मरीज ब्रेन स्टेम डेड है।

मृतक की पत्नी श्रीमती आराधना जायसवाल को स्थिति से अवगत कराया गया, जिसके बाद उन्होंने हार्ट, लिवर, दोनों किडनी, पैंक्रियास, लंग्स, इंटेस्टाइन और हार्ट वॉल्व दान करने की सहमति प्रदान की। परिजनों की सहमति के आधार पर चिकित्सकों की टीम द्वारा अंगदान एवं प्रत्यारोपण की प्रक्रिया शुरू की गई तथा ROTTO (Regional Organ and Tissue Transplant Organization) मुंबई और NOTTO (National Organ and Tissue Transplant Organization) नई दिल्ली को सूचना दी गई। अंगों की हार्वेस्टिंग विशेष जुपिटर हॉस्पिटल इंदौर में की जाएगी। इंदौर में लिवर एवं किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध है। एक किडनी और लिवर का उपयोग विशेष जुपिटर हॉस्पिटल इंदौर में किया जाएगा, जबकि दूसरी किडनी चोइथराम अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र इंदौर में प्रत्यारोपित की जाएगी।

SOTTO (State Organ and Tissue Transplant Organization) मध्यप्रदेश में हृदय और फेफड़ों के लिए उपयुक्त प्राप्तकर्ता उपलब्ध नहीं होने तथा अग्न्याशय, आंत और हृदय वाल्व प्रत्यारोपण की सुविधा न होने के कारण इन अंगों के आवंटन हेतु अलर्ट ROTTO मुंबई एवं NOTTO नई दिल्ली को भेजा गया। हृदय को ROTTO मुंबई द्वारा मारेंगो CIMS अस्पताल, अहमदाबाद को आवंटित किया गया है।

अंगों की रिट्रीवल की प्रक्रिया 18 फरवरी 2026 की शाम 07 बजे से 09 बजे के बीच निर्धारित की गई है।

एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन की सिफारिश और डोनर की पत्नी की सहमति के आधार पर सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने ऑर्गन रिट्रीवल, उसके ट्रांसपोर्टेशन और ट्रांसप्लांटेशन के लिए जल्द से जल्द सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं चिकित्सकों को दिए हैं।

संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने इस निर्णय के लिए परिजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अंगदान से कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिल सकेगा।

# सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने इंदौर प्रशासनिक संकुल पहुँचकर राजस्व न्यायालयों का किया निरीक्षण

## दो-तहसील, दो-अनुविभाग और दो-अपर कलेक्टर न्यायालयों में राजस्व प्रकरणों की वस्तुस्थिति जांची



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े आज इंदौर के प्रशासनिक संकुल स्थित राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करने पहुँचे। उन्होंने यहां दो-तहसील, दो-अनुविभाग और दो-अपर कलेक्टर कोर्ट का रोस्टर निरीक्षण कर प्रकरणों के वस्तुस्थिति देखी। सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने दो-राजस्व तहसील न्यायालयों में बिचौली हप्सी व जूनी इंदौर तथा इन्हीं क्षेत्र के अनुविभागीय राजस्व न्यायालयों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर शिवम वर्मा भी मौजूद थे।

इस दौरान डॉ. खाड़े ने नामांकन, सीमांकन, बंटवारा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने दो अपर कलेक्टर न्यायालयों एडीएम रोशन राय व एडीएम रिंकेश वैश्य के न्यायालयों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए है कि अधिकारी समय पर कार्यालय पहुँचे। सभी पक्षकारों के प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान दे। साथ ही उन्होंने नामांकन, सीमांकन, बटवारा और बटांकन आदि प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाते हुए राजस्व वसूली में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए है। सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि कार्यालयों व फील्ड विजिट का समय निर्धारण कर क्षेत्र की स्थितियों पर भी नजरें रखें। राजस्व अधिकारी अपने दायित्वों को पूर्ण गंभीरता से निर्वहन करें। वे क्षेत्र में भी लगातार भ्रमण करते रहें। अपने अधिनस्थ अमले के कार्यों की भी नियमित रूप से समीक्षा करें।

संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने निर्देश दिए कि 'संकल्प से समाधान अभियान' का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर पात्र व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ मिले। हितग्राहियों के चयन के लिए ग्राम पंचायत से लेकर नगर निगम और नगर परिषदों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जाए। लोकसेवा गारंटी योजना के प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण किया जाए। इस दौरान अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य, श्रीमती निशा डामोर और सभी एसडीएम व तहसीलदार मौजूद रहें।

# प्रशासनिक न्यायाधिपति द्वारा केंद्रीय जेल इंदौर में 18 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्षों एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का उद्घाटन

## फांसी घर, बर्तन निर्माण कारखाना एवं हैंडलूम इकाई का भी किया निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला द्वारा केंद्रीय जेल परिसर इंदौर में नव निर्मित 18 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्षों एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का उद्घाटन किया गया।**

इस अवसर पर न्यायमूर्ति श्री शुक्ला ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के शुभारंभ से बंदियों की न्यायालयीन पेशी, विधिक परामर्श तथा अन्य न्यायिक कार्यवाहियां अब अधिक सुगम, सुरक्षित एवं प्रभावी रूप से संपन्न हो सकेंगी, जिससे समय एवं संसाधनों की भी बचत सुनिश्चित होगी।

निरीक्षण के क्रम में न्यायमूर्ति द्वारा जेल परिसर में स्थित फांसी घर का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 1996 में यहां एक कैदी को फांसी दी गई थी, जिसके उपरांत अब तक किसी भी कैदी को फांसी नहीं दी गई है।

न्यायमूर्ति शुक्ला द्वारा जेल में संचालित बर्तन निर्माण कारखाना एवं हैंडलूम (दरी बुनाई) इकाई का भी निरीक्षण किया गया, जहां कैदियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर विभिन्न उत्पादों का




निर्माण कराया जा रहा है।

इसके उपरांत केंद्रीय जेल परिसर में पुरस्कार वितरण समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खेल एवं अन्य गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले बंदियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही जेल अधिकारियों एवं बंदियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं गीतों का गायन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान जेल अधिकारियों के आग्रह पर श्रीमती चंद्रिका शुक्ला एवं महानिदेशक जेल वरुण कपूर द्वारा भी गीतों का गायन किया गया।

कार्यक्रम में बंदियों को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला ने कहा कि जेल की अवधारणा केवल दंड देने तक सीमित नहीं है, बल्कि बंदियों को सुधारात्मक प्रक्रिया से जोड़ते हुए उनके कौशल का उन्नयन कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में पुनः स्थापित करना ही इसका प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में किए जा रहे प्रयास बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताते हुए सुधारात्मक गतिविधियों, कौशल विकास एवं पुनर्वास कार्यक्रमों की सराहना की तथा बंदियों की सुविधाओं एवं पुनर्वास संबंधी व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवा वरुण कपूर ने बंदियों की समस्याओं के निराकरण तथा जेल परिसर की सुरक्षा के लिए जेल विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर प्रशासनिक न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर विजय कुमार शुक्ला सहित श्रीमती चंद्रिका शुक्ला, महानिदेशक जेल वरुण कपूर एवं डॉ. श्रीमती सौम्या कपूर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, इंदौर अजय श्रीवास्तव, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (OSD) नीरज मालवीय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इंदौर शशांक सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इंदौर शिवराज सिंह गवली, जिला रजिस्ट्रार जिला न्यायालय इंदौर मृणाल मोहित, नगर निगम मजिस्ट्रेट इंदौर मुकेश गुप्ता, जेल अधीक्षक केंद्रीय जेल इंदौर श्रीमती अलका सोनकर, जिला विधिक सहायता अधिकारी उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर दीपक शर्मा, वरिष्ठ जेल उपाधीक्षक संतोष लाड़िया, आई.एस. नागर, जिला जेल अधीक्षक जवाहर मंडलोई, राकेश उपाध्याय, जेल के अधिकारी-कर्मचारी एवं बंदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जेलर राकेश उपाध्याय द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन जेल अधीक्षक केंद्रीय जेल इंदौर श्रीमती अलका सोनकर द्वारा किया गया।

# बिना दस्तावेज मैजिक पर आरटीओ की कार्रवाई

## 12 मैजिक जब्त कर आरटीओ में खड़ी की गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** परिवहन आयुक्त एवं माननीय कलेक्टर देवास के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा समिति बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार शहर में चल रहीं बिना दस्तावेज मैजिक वाहनों पर सख्ती के साथ जांच अभियान



चलाया गया, जिसमें मैजिक वाहनों में बीमा, फिटनेस, पीयूसी, परमिट की जांच की गई, इंदौर - देवास मार्ग पर की गई जांच में 12 मैजिक वाहनों में दस्तावेजों की कमी पाई गई, जिन्हें जप्त कर आरटीओ कार्यालय में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया, आरटीओ जांच दल द्वारा मैजिक वाहनों पर कार्रवाई लगातार की जा रही है।

# नई आबकारी नीति को कैबिनेट की मंजूरी 20% तक बढ़ेंगी शराब की कीमतें

## अब हर साल नहीं होगा दुकानों का नवीनीकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। राज्य सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई आबकारी नीति को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट की बैठक में लिए गए इस फैसले के बाद प्रदेश में शराब के दामों में औसतन 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होगी। साथ ही अब शराब दुकानों का हर वर्ष नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत शराब दुकानों का आवंटन ई-टेंडर प्रक्रिया से किया जाएगा। पहले की तरह साल-दर-साल नवीनीकरण की परंपरा समाप्त कर दी गई है। सरकार का तर्क है कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और राजस्व संग्रह में सुधार होगा। सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए आबकारी मद से करीब 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य तय किया है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में यह लक्ष्य ऊंचा रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि नई नीति से राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है।**



### एफडी और बैंक गारंटी की व्यवस्था में बदलाव

नई नीति के तहत आवंटन प्रक्रिया में सुरक्षा राशि और बैंक गारंटी से जुड़ी शर्तों में भी संशोधन किया गया है। अब पहले जैसी एफडी और सामान्य बैंक गारंटी की अनिवार्यता नहीं रहेगी। इसके स्थान पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ई-चलान और ई-बैंकिंग माध्यम से शुल्क जमा कराया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब निर्माण और तस्करी पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी और प्रवर्तन व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। शराब निर्माण से जुड़ी कंपनियों को अपने उत्पाद की कीमत निर्धारण में कुछ लचीलापन दिया गया है। इससे उद्योग क्षेत्र को प्रतिस्पर्धा के अनुरूप काम करने में सुविधा मिलेगी।

कैबिनेट ने जनजातीय एवं अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। विभागीय योजना, क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम, निर्देशन-प्रशासन और अनुश्रवण इकाइयों के संचालन के लिए कुल 53 करोड़ 97 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति बस्तियों के विकास, 1032 कार्यालय भवनों के निर्माण व विद्युतीकरण, जननायक टंट्या भील मंदिरों के जीर्णोद्धार तथा ग्रामीण शालाओं के उन्नयन के लिए 583 करोड़ 75 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (कक्षा 11वीं, 12वीं और महाविद्यालयीन छात्रों के लिए) के संचालन हेतु 4,230 करोड़ 82 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए 847 करोड़ 89 लाख रुपये तथा अन्य शैक्षणिक और छात्र कल्याण योजनाओं के लिए 519 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि मंजूर हुई है। विशेष पिछड़े जनजाति समूह और कोल जनजाति विकास योजनाओं के लिए 59 करोड़ 06 लाख रुपये तथा प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 9वीं-10वीं) के लिए 690 करोड़ 69 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इन निर्णयों से शिक्षा, बुनियादी ढांचे और जनजातीय विकास को मजबूती मिलेगी।

## मादा चीता गामिनी ने तीन स्वस्थ शावकों को दिया जन्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर, एजेंसी।** जिले के कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता गामिनी ने तीन स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। यह खुशखबरी दक्षिण अफ्रीकी चीतों के भारत आगमन के तीन वर्ष पूरे होने के दिन सामने आई है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी। भूपेंद्र यादव ने इस उपलब्धि को भारत के ऐतिहासिक संरक्षण अभियान की बड़ी सफलता बताया है। उन्होंने कहा कि यह 'प्रोजेक्ट चीता' के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत आने के बाद गामिनी दूसरी बार मां बनी है और यह भारतीय धरती पर चीतों का नौवां सफल प्रसव है। इन नए शावकों के जन्म के साथ, भारत में जन्मे जीवित शावकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है। इसके साथ ही अब देश में चीतों की कुल आबादी 38 तक पहुंच गई है। बता दें कि, बीते 10 दिन में यह दूसरा प्रसव है, जिनमें 8 शावकों ने जन्म लिया है। इससे पहले 7 फरवरी को भी कूनो नेशनल पार्क में चीता परिवार में 5 शावकों का जन्म हुआ था। अधिकारियों के अनुसार, प्रत्येक नया जन्म 'प्रोजेक्ट चीता' को मजबूती प्रदान कर रहा है।फील्ड स्टाफ और पशु चिकित्सकों की सतत निगरानी और समर्पण से यह सपना साकार हो रहा है, जो चीता पुनरुद्धार परियोजना की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

# शिक्षा को जीवन के अनुभवों से जोड़ते हुए समयानुकूल बनाना आवश्यक : मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शिक्षा को जीवन के अनुभवों से जोड़ते हुए समयानुकूल बनाना आवश्यक है। व्यक्ति को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने में सक्षम शिक्षा व्यवस्था ही देश को समृद्ध और सशक्त बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति इन्हीं उद्देश्यों की प्राप्ति की दिशा में सार्थक प्रयास है। शिक्षा व्यवस्था की जटिलता को कम करना भी नीति का उद्देश्य है। प्रसन्नता का विषय है कि मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में देश में अग्रणी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 'कर्मयोगी बनें' की सर्वोच्च परामर्शदात्री समिति की एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीप प्रज्वलित करने के साथ माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में



उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने के केंद्र नहीं है, राष्ट्र के भविष्य की कार्यशालाएं हैं। भगवद्गीता में कहा गया है कि कर्म को उत्कृष्टता और दक्षता के साथ करना ही योग है। आज जब हम 'कर्म योगी शिक्षाविद्' की बात करते हैं, तो हम केवल एक आदर्श नहीं गढ़ रहे, बल्कि एक ऐसे शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना चाहते हैं, जहाँ शिक्षक केवल पाठ न पढ़ाए, बल्कि प्रेरणा दें। संस्थान नियमों के साथ उद्देश्य पूर्ति के लिये संचालित हों। विद्यार्थी केवल नौकरी न खोजें, बल्कि राष्ट्र-निर्माण में भागीदार बनें। हमें शिक्षण को अधिक प्रासंगिक और जीवन सापेक्ष बनाना होगा। अनुसंधान की सामाजिक उपयोगिता पर भी और ध्यान अपेक्षित है। डिग्री और रोजगार के बीच जो दूरी है, उसे हमें खत्म करना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा प्रदेश कृषि प्रधान राज्य है, इसे दृष्टिगत रखते हुए सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में कृषि संकाय आरंभ किया गया है। प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का लगातार विस्तार हो रहा है। इससे प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित उद्योगों में अलग-अलग दक्षता वाले कर्मियों की आवश्यकता है। राज्य सरकार ऐसे क्षेत्रों में उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप वहां के इंजीनियरिंग कॉलेजों, पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि तकनीकी संस्थाओं में कोर्स आरंभ कर रही है। इससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और युवा अपनी क्षमता और योग्यता का बेहतर उपयोग कर सकेंगे। इन्हीं गतिविधियों से कर्मयोगी बनने का स्वप्न साकार होगा।

## छात्रा पर धर्म बदलने का दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर, एजेंसी।** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में 11वीं कक्षा की छात्रा को ब्लैकमेल कर धर्म बदलने और शादी के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। आरोपी अरशद ने सोशल मीडिया (Snapchat) के जरिए छात्रा से दोस्ती की थी। अब वह उसके साथ खींची गई तस्वीरें वायरल करने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि पिछले साल आरोपी अरशद ने स्नैपचैट के जरिए उसे फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी, जिसे उसने स्वीकार कर लिया था। करीब एक सप्ताह तक सामान्य बातचीत के बाद, जुलाई महीने में वे बुरहानपुर के एक रेस्तरां में मिले। इसके बाद उनकी कई बार मुलाकात हुई। आरोपी उसे असीरगढ़ और ठाठर खामला भी घुमाने ले गया था।

# स्कूल में छात्राओं के 'झूमने' से मचा हड़कंप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नौरोजाबाद, एजेंसी।** उमरिया जिले के करकेली जनपद अंतर्गत कल्दा गांव में स्थित शासकीय हाई स्कूल की चार छात्राएं अचानक झूमने लगीं। छात्राओं के झूमने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में विद्यालय में अध्ययनरत कुछ बच्चियों के कथित तौर पर "भूत लगने" की बात सामने आई है, जिसे लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। हालांकि सीएससी पाली के डॉ. पवन कुमार दीपांक का कहना है कि उन्होंने बच्चियों की जांच की है और वे पूरी



तरह से सामान्य हैं। उनका कहना है कि उनसे लोग इस मामले को भूत-प्रेत का बता रहे थे पर इस तरह की बातों को मेडिकल साइंस में किसी भी तरह की मान्यता नहीं है। बताया जा रहा है कि बच्चियों की तबीयत अचानक बिगड़ने और अजीब व्यवहार करने की बात सामने आने के बाद ग्रामीणों ने इसे अंधविश्वास से जोड़ दिया। इसके बाद गांव के पंडा-पुजारी द्वारा झाड़-फूंक की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। जानकारी के अनुसार बच्चियों को गांव के ही प्रसिद्ध धार्मिक स्थल महोबादादर मंदिर ले जाया गया, जहां कथित रूप से उनका झाड़-फूंक के जरिए उपचार किया जा रहा है।

## संपादकीय

### आर्थिक दबाव और वैश्विक चुनौतियों पर संघ प्रमुख का कड़ा संदेश

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (RSS) इसके शताब्दी वर्ष पर देश-विदेश में अपने विचारों को विस्तार देने के अभियान में जुटा हुआ है। इसकी कमान खुद आरएसएस चीफ या सर संघचालक मोहन भागवत ने संभाल रखी है। बुधवार को उन्होंने लखनऊ में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में समाज के लोगों से तकरीबन ढाई घंटे तक बातचीत की। इस कार्यक्रम में उन्होंने संघ के विचारों के बारे में भी बताया और लोगों के सवालों के सहजता से उत्तर भी दिए। मोटे तौर पर सात ऐसे सम-सामयिक और राजनीति मुद्दे हैं, जिन पर भागवत ने आरएसएस की सोच को लोगों के सामने रखा। मोहन भागवत का कहना है कि टैरिफ को लेकर हाल में भारत को जो संघर्ष करना पड़ा है, उससे इसे ग्लोबल साऊथ की अगुवाई करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। संघ प्रमुख ने भरोसा जताया है कि 'टैरिफ युद्ध से हमें नुकसान नहीं होगा। हमें कोई देश नहीं दबा सकेगा, हम मजबूती से डटे रहेंगे। कुछ दिनों में सबकुछ सामान्य हो जाएगा।' वह अमेरिका की ओर से पहले 50% टैरिफ लगाए जाने और फिर ट्रेड डील की घोषणा के बाद इसे घटाकर 18% किए जाने पर बोल रहे थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'भारत नहीं झुकेगा।' मोहन भागवत का कहना है कि 'भारतीय अर्थव्यवस्था पूजीवादियों और बैंकों के हाथों में नहीं है, बल्कि यह हमारे घरों में है। भारत में वह शक्ति है कि वह दबाव झेलकर प्रगति गर सकता है।'उन्होंने कहा कि ताकतवर देशों का यह पुराना तरीका रहा है कि वह आर्थिक फायदे और हथियारों के दम पर दूसरों को दबाने की कोशिश करते हैं। यूजीसी रेगुलेशन पर जारी विवाद पर मोहन भागवत का कहना है कि यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है। इसलिए संघ का कोई भी स्टैंड इसके निर्णय पर निर्भर करेगा। अभी सुप्रीम कोर्ट ने इस विवादित रेगुलेशन पर रोक लगा रखी है। देश भर के मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति का मुद्दा भी बड़ा राजनीतिक विषय है। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण इसके बड़े पैरोकार हैं। देश में अन्य वर्गों से भी यह मांग लगातार उठ रही है। इसपर मोहन भागवत ने कहा है कि 'हमारी भी मांग है कि मंदिरों का नियंत्रण श्रद्धालुओं के हाथों में सौंपा जाए।'

## धर्म-कर्म

# आज फुलेरा दूज पर गलती से भी ना करें ये काम, जानें पूजा का शुभ मुहूर्त



**आज फुलेरा दूज है। हिंदू धर्म में इस दिन का खास महत्व होता है। मान्यता के अनुसार आज के ही दिन भगवान कृष्ण और राधा ने पहली बार होली खेली थी। हर साल फाल्गुन के महीने में पड़ने वाले शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर ही फुलेरा दूज मनाया जाचा है। संपूर्ण ब्रज क्षेत्र में इस त्योहार को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है और इसी दिन से वहां पर होली का उत्सव शुरू हो जाता है। इस खास दिन पर लोग श्रीकृष्ण और राधा पर फूलों की वर्षा करते हैं। भक्तों की बीच ऐसी मान्यता है कि इस दिन की पूजा से शादीशुदा जिंदगी में और भी स्मूदली चलती है। साथ ही घर में भी सुख-शांति बनी रहती है। नीचे विस्तार से जानें कि आज फूलेरा दूज की पूजा के लिए शुभ समय क्या है? साथ ही जानेंगे कि आखिर आज किन चीजों को करने से बचना है?**

### फुलेरा दूज के लिए शुभ मुहूर्त

फुलेरा दूज की पूजा के लिए एक शुभ मुहूर्त आज सुबह था। अब दोपहर 1 बजकर 10 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 35 मिनट तक है। बता दें कि पूजा के लिए अभिजीत मुहूर्त को भी खास महत्व दिया जाता है। फुलेरा दूज की पूजा के लिए अभिजीत मुहूर्त की शुरुआत आज दोपहर 12 बजकर 12 मिनट से लेकर 12 बजकर 58 मिनट तक होगी।

### बन रहे ये शुभ योग

बता दें हिंदू पंचांग के हिसाब से इस साल फुलेरा दूज पर कई अच्छे योग भी बन रहे हैं। इस बार ये सिद्ध योग और पूर्व भाद्रपद नक्षत्र में आया है। अगर फुलेरा पर ऐसे योग बनते हैं तो माना जाता है कि इस दिन पूजा करने से सारे काम सफल हो जाते हैं। शादी से लेकर किसी भी मांगलिक काम के लिए इस दिन को बहुत ही शुभ माना जाता है। इस दिन लोग कई तरह के उपाय भी करते हैं ताकि जिंदगी में किसी भी तरह की कोई भी बाधा ना आए।

### फुलेरा दूज पर ना करें ये काम

फुलेरा दूज के दिन कोशिश करनी चाहिए कि मन शांत और पॉजिटिव रहें। इस दिन काले या हरे और नीले रंग के कपड़े पहनने से बचें। हल्के रंग के कपड़े पहनना आज के दिन शुभ माना जाता है। जो लोग आज का व्रत रखने वाले हैं, वो किसी भी शख्स के प्रति मन में गलत विचार ना लाएं और ना ही किसी को गलत शब्द कहें। आज जितना शांत रहेंगे, उतना ही अच्छा होगा। ऐसी स्थिति ना बनने दें कि घर में किसी भी तरह का कलेश हो। साथ ही किसी का भी अपमान आज के दिन गलती से भी नहीं करना चाहिए। आप जितने पॉजिटिव रहेंगे, चीजें उतनी ही फलदायी होंगी।

# होलाष्टक की शुरुआत के पीछे की मान्यता, क्या आप जानते हैं

फाल्गुन शुक्ल पक्ष की सप्तमी 24 फरवरी 2026, मंगलवार को प्रातः 7 बजकर 14 मिनट तक है, अष्टमी तिथि लगते ही यानि फाल्गुन शुक्ल अष्टमी, से होलाष्टक की शुरुआत होगी। होली आने से पहले होलाष्टक से होलिका दहन तक शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं, होलाष्टक को लेकर विभिन्न मान्यताऐं हैं, मान्यताओं के पीछे वैज्ञानिक आधार निहित है।



फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी से लेकर होलिका दहन तक के समय को धर्मशास्त्रों में होलाष्टक का नाम दिया गया है। ज्योतिष के ग्रन्थों में 'होलाष्टक' के आठ दिन समस्त मांगलिक कार्यों में निषिद्ध कहे गए हैं। 'होलाष्टक' दो शब्दों से मिलकर बना है, होला और अष्टक, अष्टक अर्थात् आठ इसलिए होली जलने से आठ दिन पूर्व होलाष्टक में शुभ कर्म नहीं किए जाते, न ही कोई मांगलिक कार्य होता है, कोई नई वस्तु नहीं खरीदी जाती।

### होलाष्टक की कैसे हुई थी शुरूआत?

होलाष्टक के मध्य दिनों में सोलह संस्कारों में से किसी भी संस्कार को नहीं किया जाता, यहां तक कि अंतिम संस्कार करने से पूर्व भी शांति कार्य किए जाते हैं। इन दिनों में सोलह संस्कारों पर रोक होने के कारण इस अवधि को शुभ कार्यों के लिए श्रेष्ठ नहीं माना जाता। होलाष्टक के विषय में यह माना जाता है कि जब भगवान श्री भोले नाथ ने क्रोध में आकर कामदेव को भस्म कर दिया था, तो उस दिन से होलाष्टक की शुरूआत हुई थी। होली की शुरूआत होली पर्व होलाष्टक से प्रारम्भ होकर दुलहण्ड़ी तक रहती है, इसके कारण इन दिनों प्रकृति में खुशी और उत्सव का माहौल रहता है।

### क्यों मनाया जाता है होलाष्टक?

होलाष्टक से होली के आने की दस्तक मिलती है, साथ ही उस दिन से होली उत्सव के साथ-साथ होलिका दहन की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं। इस दिन से मौसम की छटा में बदलाव आना आरम्भ हो जाता है। सर्दियां अलविदा कहने लगती हैं और गर्मियों का आगमन होने लगता है। भगवान श्री कृष्ण आठ दिन तक गोपियों संग होली खेले और दुलहण्डी के दिन अर्थात् होली को रंगों में सन कपड़ों को अग्नि के हवाले कर दिया, तब से आठ दिन तक यह पर्व मनाया जाने लगा।

Uttarpradesh

# मोहन भागवत बोले- भाजपा का रिमोट कंट्रोल RSS के हाथ में नहीं', यूजीसी पर दिया बयान

**लखनऊ, (एजेंसी)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर कार्यक्रमों की श्रृंखला में संघ प्रमुख मोहन भागवत लखनऊ प्रवास पर हैं. इस दौरान संघ प्रमुख ने बुधवार को कहा कि संघ भाजपा का रिमोट कंट्रोल नहीं है. संघ के स्वयंसेवक बीजेपी में जाते हैं और पार्टी में सियासी तौर पर आगे भी बढ़े हैं, लेकिन यह कहना गलत है कि संघ भाजपा को चलाता है.

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बीजेपी और आरएसएस के संबंधों पर बात किया.उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक



अलग-अलग क्षेत्रों में जाते हैं, उसमें से कुछ स्वयंसेवक राजनीति में भी सक्रिय होते हैं, लेकिन यह कहना गलत है कि संघ भाजपा को चलाता है. साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि बीजेपी का विरोध करने वाले लोग ही आरएसएस का विरोध करते हैं.

मोहन भागवत ने परिवार और संस्कार पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार भले कम हो गए हों, लेकिन रिश्तों की भावना बनी रहनी चाहिए. उन्होंने कहा कि सप्ताह में कम से कम एक दिन परिवार को साथ बैठना चाहिए। बच्चों को संस्कार घर और स्कूल दोनों से मिलते हैं. संघ प्रमुख ने हिंदू समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा कि समाज में अपार शक्ति है, लेकिन वह बंटा हुआ है और स्वार्थ में फंसा है. यदि समाज एकजुट

Maharashtra

## छत्रपति शिवाजी की जयंती पर भगदड़ में कई घायल, पुणे में उमड़ी थी हजारों की भीड़



**पुणे, (एजेंसी) महाराष्ट्र में शिवाजी उत्सव के दौरान बड़ा हादसा हो गया है। यहां छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाने के लिए जुटी भीड़ के बीच भगदड़ मचने से कई लोगों के घायल होने की खबर सामने आई है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह पुणे के शिवनेरी किले में ज्यादा भीड़ होने के कारण कम से कम तीन लोग घायल हुए हैं। घटना तब हुई जब यहां हजारों की तादाद में भीड़ जुटी थी।**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े 3 बजे हुई जब मशाल लेकर एक समूह मीना दरवाजा के पास किले से नीचे उतर रहा था। पुणे ग्रामीण के पुलिस सुपरिटेंडेंट संदीप सिंह गिल ने मीडिया को बताया, 'भारी भीड़ के बीच एक ग्रुप मशाल लेकर तेजी से किले से नीचे आ रहा था। वहां मौजूद हमारी पुलिस टीम ने उन्हें धीरे चलने की सलाह दी।' लेकिन तभी वहां धक्का मुक्की होने लगी।

उन्होंने बताया, 'इस बीच, ऊपर से किसी ने एक शख्स को धक्का दिया, जिसके बाद समूह के कुछ लोग नीचे गिर गए। तीन लोगों के पैर में चोटें आई हैं।' अधिकारी ने कहा कि मौके पर मौजूद पुलिसवालों ने तुरंत घायलों की मदद की और यह सुनिश्चित किया कि लोगों की सुविधाजनक आवाजाही बने रहे।

Maharashtra

## महाराष्ट्र में मुस्लिमों के 5% आरक्षण का आदेश रद्द



**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र सरकार के सोशल जस्टिस डिपार्टमेंट ने मंगलवार को एक सरकारी रेजोल्यूशन (जीआर) जारी किया। इसके जरिए सरकार ने अपने 10 साल पुराने उस सरकारी आदेश को कैंसिल कर दिया। जिसमें मुस्लिम कम्युनिटी को एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन और सरकारी और सेमी-गवर्नमेंट नौकरियों में 5% रिजर्वेशन देने की बात कही गई थी। हालांकि पिछले 10 सालों से यह आदेश इनवैलिड रहा है क्योंकि 2014 में कांग्रेस सरकार की तरफ से लाया गया अध्यादेश तय समय (6 हफ्ते) में विधानसभा से पास नहीं कराया जा सका, जिससे यह खुद ही इनवैलिड हो गया था। जुलाई 2014 में कांग्रेस-एनसीपी की गठबंधन की सरकार थी। अक्टूबर 2014 में सरकार बदल गई। विधानसभा चूनाव के बाद भाजपा-शिवसेना सरकार बनी। नई सरकार ने नौकरी वाले मुस्लिम आरक्षण को आगे नहीं बढ़ाया।

Uttarpradesh

मथुरा में बड़ा हादसा

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर रजबहे में गिरी, चार युवकों की मौके पर ही मौत

**मथुरा, (एजेंसी)** मथुरा के मगोर्रा थाना क्षेत्र के नगला देविया मोड़ पर बुधवार देर रात तेज रफ्तार फ्रॉन्क्स कार अनियंत्रित होकर रजबहे में गिर गई। हादसे में कार सवार चारों युवकों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला। हालांकि इससे पहले ग्रामीणों ने युवकों को बाहर निकाल लिया था, लेकिन तब तक सभी की जान चली गई थी। पुलिस के मुताबिक मगोर्रा क्षेत्र के रहने वाले चार हमउम्र युवक कार में सवार होकर गोवर्धन होते हुए डीग क्षेत्र में सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे थे। कस्बा महावन के मोहल्ला बलदेव गढ़ निवासी राहुल (23) उनके चचेरे भाई मोहित (21) और अमित (23) एक अन्य दोस्त के साथ बुधवार शाम राजस्थान के डीग जिले के लिए निकले थे। गाड़ी स्वामी एडवोकेट सज्जन सिंह ने बताया कि इस गाड़ी को अमित ही चलाता था। वही गाड़ी लेकर निकला था। जैसे ही उनकी कार रात लगभग नौ बजे नगला देविया के निकट मोड़ पर पहुंची, तो अमित गाड़ी को तीव्र मोड़ पर घुमा नहीं पाया और गाड़ी लहराती हुई सीधे सड़क किनारे रजबहे में गिर गई। आसपास के लोग कार को रजबहे में गिरता देख फौरन दौड़कर मदद के लिए पहुंचे। इसी बीच किसी ने पुलिस को भी सूचना दे दी। जब तक ग्रामीणों ने लोगों को कार से निकाला तब तक चारों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शिनाख्त करके तीन के परिजन को सूचना दे दी है, जबकि एक की पहचान देर रात तक नहीं हो सकी थी।

खेल

# शिवम दुबे का तूफान और वरुण चक्रवर्ती का जादू, भारत ने नीदरलैंड को चटाई धूल

**अहमदाबाद।** शिवम दुबे की शानदार बल्लेबाजी के बाद वरुण चक्रवर्ती की गेंदबाजी के दम पर भारत ने नीदरलैंड को 17 रनों से हराया। गत चैंपियन भारतीय टीम ने इस तरह ग्रुप चरण का अंत अजेय रहते हुए किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 193 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 176 रन ही बना सकी। भारत ने टी20 विश्व कप में लगातार 12वीं जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में भारत 2024 से ही अजेय बना हुआ है।

ग्रुप ए से भारत और पाकिस्तान ने अगले दौर के लिए क्वालिफाई किया है। भारत ने अपने चारों मैच जीते, जबकि पाकिस्तान चार में से तीन जीत और एक हार के साथ छह अंक लेने में सफल रही। वहीं, अमेरिका, नीदरलैंड और नामीबिया का सफर शुरुआती दौर में ही थम गया। नामीबिया ने अपने चारों



मैच गंवाए। भारतीय टीम ग्रुप में शीर्ष पर रही।

भारतीय टीम भले ही मैच जीतने में सफल रही, लेकिन उसकी फील्डिंग एक बार फिर खराब रही। भारत के लिए नीदरलैंड के खिलाफ मैच में कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने कैच छोड़े। इतना ही नहीं, बल्लेबाजी में भी टीम का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और एक बार फिर बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। शिवम दुबे ने हालांकि, शानदार बल्लेबाजी की जिस कारण टीम चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दे सकी। शिवम दुबे के तूफानी अर्धशतक के बाद वरुण चक्रवर्ती के फिरकी के जादू से भारत ने नीदरलैंड को हराया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नीदरलैंड ने धीमी शुरुआत करते हुए पावरप्ले में एक विकेट पर 36 रन बनाए। टीम ने मैक्स ओडौउड (20) का विकेट गंवाया जिन्हें वरुण चक्रवर्ती ने छठे ओवर में बोल्ड किया। सलामी बल्लेबाज माइकल लेविट (24) ने पांड्या का स्वागत एक्स्ट्रा कवर पर चौके के साथ किया लेकिन इसी ओवर में डीप मिडविकेट बाउंड्री पर वॉशिंगटन सुंदर को कैच दे बैठे। कॉलिन एकरमैन (23) ने भी पैंड्या पर छक्का मारा जबकि बास डि लीडे ने भी इस तेज गेंदबाज पर चौका जड़ा। नीदरलैंड की ओर से बास डि लीडे ने सर्वाधिक 33 रन बनाए। नोह क्रोस (12 गेंद में नाबाद 25 रन) तथा जैक लियोन कैश (16 गेंद में 26 रन) ने सातवें विकेट के लिए 23 गेंद में 47 रन की साझेदारी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए। भारत की ओर से वरुण ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए, जबकि जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को एक-एक सफलता मिली।

इससे पहले, भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारत ने प्लेइंग 11 में दो बदलाव किए। कुलदीप यादव की जगह अर्शदीप सिंह की वापसी हुई।

सिनेमा

# पर्दे पर सौरव गांगुली बनेंगे राजकुमार राव



राजकुमार राव जल्द ही सौरव गांगुली की लाइफ पर बनने जा रही बायोपिक पर जल्द ही काम शुरू करेंगे। सौरव गांगुली की लाइफ पर बनने जा रही इस बायोपिक की शूटिंग इस साल मार्च में शुरू हो सकती है। राजकुमार राव रियल लोकेशन्स पर फिल्म की शूटिंग करेंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड और ईडन गार्डन्स में फिल्म की शूटिंग होगी। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, "गांगुली की लाइफ के अहम पार्ट्स को दिखाने के लिए मेकर्स ने लॉर्ड्स और ईडन गार्डन्स का चुनाव किया गया है। लॉर्ड्स को क्रिकेट का मक्का कहा जाता है, गांगुली की जर्नी में लॉर्ड्स एक अहम जगह होल्ड करता है इसलिए मेकर्स ने रियल लोकेशन पर शूट करने का तय किया है।" सौरव गांगुली की लाइफ पर बन रही बायोपिक विक्रमादित्य मोटवानी और लव रंजन बना रहे हैं। मोटवानी और लव फिल्म्स दोनों फिल्म को बड़े स्केल पर बनाने का प्लान कर रहे हैं। फिल्म को रियल लोकेशन्स पर शूट करना हमेशा से विजन रहा है। अभी परमीशन्स पर काम चल रहा है, और टीम मार्च में कोलकाता, मुंबई और लंदन में शूटिंग का प्लान कर रही है। गांगुली की बायोपिक से पेहल इस बायोपिक में नजर आएंगे सौरव गांगुली

## Highlights

1. **We bow in reverence: PM Modi on Chhatrapati Shivaji Maharaj's birth anniversary**
2. **J&K man poses as NIA officer to cheat people, nabbed near Red Fort**
3. **Karnataka MLA seeks scheme to incentivise women to marry farmers**
4. **'The Kerala Story 2' threat to secularism, reject it: Kerala CM**
5. **Bill Gates to not attend India AI Summit**

# AI Summit: OpenAI for India and questions it raises

**NEW DEIHI, (Agency).** Artificial intelligence (AI) company OpenAI, at the India AI Impact Summit 2026, has unveiled its most strategic expansion in the country, with the launch of OpenAI for India initiative. This will encompass investments to partner the build up of India's sovereign AI infrastructure, enterprise AI adoption and ups killing initiatives through education partnerships. It also announces India's crucial role in the global Stargate project, a $500 billion AI infrastructure project announced in 2025, with the aim to establishing US dominance for AI by 2029.

"India is already leading the way in AI adoption, and with its homegrown tech talent, optimism about what AI can do for the country, and strong government support, it is well placed to help shape its future and how democratic AI is adopted at scale," says Sam Altman, CEO of OpenAI. The company says India now has more than 100 million weekly ChatGPT users, across the students, teachers, developers and entrepreneurs



demographics.

It also remains to be seen whether plugging India as a node into the Stargate Project, aimed to cement US leadership in AI over the next few years, is a step towards speeding up that aspiration, or whether AI diffusion, that is accelerating the availability of AI, the key objective. The two narratives may sit uneasily in the real world. OpenAI's approach assumes alignment. But geopolitical recalibration, trade policy changes or domestic policy shifts could complicate things.

"OpenAI for India builds on that momentum, working with leading partners—beginning with Tata Group—to build sovereign AI capabilities, accelerate enterprise adoption, invest in workforce up-skilling, and strengthen India's thriving AI ecosystem," the company says, in a statement. The reference to Tata Group specifically has dual pronged importance, for hardware as well as enterprise collaboration as part of OpenAI for India.

OpenAI and Tata Group will partner to develop local, AI-ready data centre capacity, with specific focus on data residency, security as well as long-term domestic capability value. There is specific focus on the former, considering AI sovereignty and questions about AI data safeguarding measures, are at the forefront of conversations at the summit.

# Google to establish full-stack AI hub in Vizag as part of $15-billion India push: Sundar Pichai




**NEW DEIHI, (Agency).** Google is establishing a full-stack AI hub in Visakhapatnam as part of its $15-billion investment into building the AI ecosystem in India, Sundar Pichai said on Thursday.

"Visakhapatnam, once a modest coastal city, is now becoming a global AI hub with Google establishing a full-stack AI hub as part of a $15 billion investment," Pichai said. "The hub will include large-scale compute and a subsea cable gateway, bringing jobs and AI capabilities to India. The transformation reflects how far technology and infrastructure have advanced."

# एमबीए छात्रा की हत्या करने वाला आरोपी बोला- समय आने पर बताऊंगा क्यों की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में एमबीए छात्रा की हत्या करने वाले आरोपी पीयूष से पुलिस की पूछताछ जारी है। उसे द्वारकापुरी थाने में रखा गया है। कोर्ट ले जाते समय मीडिया ने उससे बातचीत की। हथकड़ी में कैद आरोपी के चेहरे पर कोई मलाल नहीं था। जब उससे पूछा गया कि हत्या क्यों की? तो वह बोला- छोड़ो, जो हो गया सो हो गया। क्या करोगे जानकर..। फिर पुलिस वाहन में बैठते हुए बोला कि समय आने पर सब बताऊंगा कि क्यों मारा।

द्वारकापुरी क्षेत्र में अपनी दोस्त की हत्या करने वाले आरोपी पीयूष की स्थिति गिरफ्तारी के दो दिन बाद अब सामान्य है। जिस दिन उसे पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया था, वह बार-बार रोने लगता था और बोलता था कि उसे छात्रा की याद आ रही है। पुलिस अफसरों को उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही थी। उससे मनोवैज्ञानिक तरीके से पुलिस अफसरों ने पूछताछ की और उसने सब सच उगल दिया। आरोपी नशा करने का आदी था और आर्थिक तंगी व पढ़ाई ठीक से न होने की वजह से वह तनाव में रहने लगा था। वह गांजे का भी नशा करता था, यह बात उसने छात्रा से छिपा रखी थी। हत्या से पहले आरोपी ने एमबीए छात्रा को अपने हाथों



से नाश्ता बनाकर खिलाया था। पुलिस आरोपी को उसके कमरे पर ले गई थी और उससे पूछा कि उसने किस तरह हत्या की। पुलिस ने जब कमरे की तलाशी ली, तो वहां से एक पत्र भी मिला, जिसमें आरोपी ने लिखा था कि मैंने उसकी हत्या कर दी है, मुझे फांसी दी जाए। पुलिस ने उसके कमरे से हत्या में उपयोग की गई रस्सी और चाकू बरामद कर लिया है। उसके पास से छात्रा का मोबाइल फोन नहीं मिला है, क्योंकि उसने उसे मुंबई में कहीं फेंक दिया था। छात्रा की छोटी बहन ने आरोप लगाया है कि पीयूष उसकी बहन का डिजिटल वॉलेट खुद चलाता था। वह कई बार उससे पैसे ले चुका था। इसी वजह से छात्रा को वॉलेट का पासवर्ड बदलना पड़ा था। एमबीए छात्रा की छोटी बहन ने बताया कि करीब एक महीने पहले पीयूष ने छात्रा का मोबाइल भी तोड़ दिया था। बाद में मोबाइल ठीक कराने की बात कहकर वह उसे अपने साथ ले गया था। मरम्मत के पैसे भी छात्रा की बहन ने ही दिए थे। पासवर्ड बदलने के बाद भी पीयूष ने उससे 1800 रुपए लिए थे। बता दें कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 15 फरवरी को कोर्ट में पेश किया था, जिसके बाद पुलिस को पूछताछ के लिए 3 दिन की रिमांड मिली था। मृतका की छोटी बहन ने यह भी बताया कि जिस एप को लेकर पीयूष अकसर उसकी बहन से झगड़ा करता था, उसे उसी ने मोबाइल में डाउनलोड किया था। वह खुद इसका इस्तेमाल करती थी। इस बारे में उसने पीयूष को बताया भी था, लेकिन वह उसकी बात नहीं मानता था। उस पर शक करता रहता था। छोटी बहन ने बताया कि उस एप पर वह अपनी सहेलियों से बात करती थी।

## शादी समारोह में सोनी कैमरा, तीन लेंस सहित अन्य सामान गायब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कनाडिया क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान बदमाश ने वीडियोग्राफर का कैमरा और अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना 12 फरवरी को पटेल धर्मशाला में हुई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक विशाल यादव निवासी गुना पेशे से वीडियोग्राफर है। वह गुल्लन राजपूत की शादी में शूटिंग के लिए पटेल धर्मशाला आया था। विशाल ने बताया कि उसने कैमरा और बैटरियां चार्जिंग पर लगाई थीं और करीब 10 मिनट के लिए मोबाइल पर बात करने बाहर चला गया। लौटने पर उसका बैग और सामान गायब था। विशाल ने पुलिस को बताया कि बैग में सोनी ए7एम3 कैमरा बॉडी, 35 एमएम, 50 एमएम और 24-70 एमएम के तीन लेंस, एक कैमरा चार्जर, एक मोबाइल चार्जर, दो कैमरा बैटरियां और कपड़े रखे थे। चोरी हुए सामान की कीमत लाखों रुपए बताई गई है। पुलिस जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति दीवार फांदकर परिसर में प्रवेश करता और बैग लेकर भागता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## दोस्त के मित्र से मांगी कार गिरवी रखी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। विजयनगर थाना क्षेत्र में कार धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी कार मालिक के दोस्त का दोस्त था, जिसे भरोसे में लेकर कार दी गई थी, लेकिन दो महीने बाद भी कार वापस नहीं मिली तो पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक कृष्णबाग कॉलोनी निवासी करण पुत्र नानूराम सोहानी की शिकायत पर अभिनव पुत्र श्रीकांत वर्मा निवासी कैलाश वार्ड बैतूल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। करण ने बताया कि उसका दोस्त नवीन रामचंदानी है और अभिनव उसके साथ रहता था। शिकायत के अनुसार 11 दिसंबर 2025 को अभिनव ने दो दिन के लिए अर्जेंट बैतूल जाने की बात कहकर कार मांगी। नवीन की सिफारिश पर करण ने उसे कार दे दी। तीन दिन बाद जब करण ने कार वापस मांगी तो आरोपी ने काम का बहाना बनाकर कुछ दिन और रुकने की बात कही। समय बीतने के बाद आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। जब कार के बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि उसने कार किसी अन्य व्यक्ति के पास गिरवी रख दी है। परेशान होकर करण ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की, जिसके बाद मंगलवार को एफआईआर दर्ज कर ली गई।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक